# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 38** **अक्तूबर-दिसंबर 2023**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री रूपम कपूर**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री दयानंदन टी.**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

**बधाई**

नगर राजभाषा कर्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में संयुक्त हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न अंतर कार्यालयीन हिंदी प्रतियोगिताओं में इस अंचल के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया और पुरस्कार जीता।

| | |
|---|---|
| **हिंदी वर्ग पहेली** | 1) सुश्री तारा सिंह, हवलदार, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय - प्रोत्साहन पुरस्कार-I |
| **विविधा** | 2) श्री अभिषेक गुप्ता, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय-प्रथम पुरस्कार |
| | 3) सुश्री तारा सिंह, हवलदार, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय - प्रथम पुरस्कार |
| | 4) श्री वाई.सुब्रह्मण्यम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय-तृतीय पुरस्कार |
| | 5) सुश्री नेह कश्यप, हवलदार, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय - प्रोत्साहन पुरस्कार-I |
| **एकल गायन** | 6) श्री डी. ज़ेवियर, सहायक आयुक्त, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय - प्रोत्साहन पुरस्कार-I |
| | 7) श्री अनुराग उपाध्याय, निरीक्षक, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय - प्रोत्साहन पुरस्कार-III |
| **स्वरचित कविता** | 8) सुश्री नेह कश्यप, हवलदार, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय - प्रोत्साहन पुरस्कार-III |

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत समस्त अधिकारियों की ओर आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं



# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दिनांक 30-10-2023 से दिनांक 05-11-2023 तक केंद्रीय कर और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है । भ्रष्टाचार उन्मूलन और सभी कार्यों में तत्परता और पारदर्शिता लाने के संबंध में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 30.10.2023 को शपथ लेने के साथ-साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत हुई । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर के नेतृत्व में "प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त कार्यालय, दक्षिण आयुक्तालय और नगर सीमा शुल्क में कार्यरत अधिकारियों ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली।" इस उपलक्ष्य में त्रिभाषी/द्विभाषी बैनर्स और पोस्टर्स सभी आयुक्तालयों के प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित भी किए गएं। इस वर्ष प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने अंचल के सभी आयुक्तालयों को अंचल के अधिकारियों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निदेश दिया।

क्षेत्राधिकार प्रधान आयुक्त/आयुक्त या उप/सहायक आयुक्तों के नेतृत्व में सभी आयुक्तालय/कार्यालयों और मुफस्सिल क्षेत्रों के कार्यालयों में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई। सभी आयुक्तालयों द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिससे संबंधित आयुक्तालयों के अधिकारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हुई। इसके अलावा, अंचल के सभी आयुक्तालयों ने नागरिकों/ग्राहकों के लिए शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया और विक्रेता बैठकें आयोजित कीं। सभी आयुक्तालयों के अधिकारियों को सीवीसी की www.cvc.gov.in वेबसाइट पर जाकर ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

अंचल में सभी आयुक्तालयों द्वारा किए गए उपरोक्त कार्यक्रमों के अलावा, जहां भी संभव हो क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद और पीआईडीपीआई पर पोस्टर का व्यापक प्रसार किया गया। ईमानदारी और नैतिकता के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न गतिविधियों में युवाओं को शामिल करने और एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देनेवाले कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया गया है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में उनकी भागीदारी के महत्व की पुष्टि करता है। विभिन्न आयुक्तालयों द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| ❖ बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय | : | वाद-विवाद |
| ❖ बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय | : | मैराथॉन |
| ❖ बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय | : | नुक्कड़ नाटक<br>निवारक सतर्कता उपायों पर कार्यशालाएँ/ संवेदीकरण कार्यक्रम। |
| ❖ बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय | : | वॉकथॉन |
| ❖ बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय | : | वॉकथॉन<br>दो ग्राम पंचायतों में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन |

| | | |
|---|---|---|
| ❖ **बेंगलूरु लेखापरीक्षा-I आयुक्तालय एवं बेंगलूरु लेखापरीक्षा-II आयुक्तालय** | **:** | **वाद-विवाद** |
| ❖ **बेंगलूरु अपील-I और अपील-II** | **:** | **वाद-विवाद**<br>**निवारक सतर्कता उपायों पर कार्यशालाएँ/ संवेदीकरण कार्यक्रम।** |
| ❖ **मंगलूरु आयुक्तालय** | **:** | **मैराथन**<br>**दो ग्राम पंचायतों में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन** |
| ❖ **मैसूरु आयुक्तालय, मैसूरु लेखापरीक्षा आयुक्तालय एवं मैसूरु अपील्स** | **:** | **दो ग्राम पंचायतों में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन** |
| ❖ **बेलगावी आयुक्तालय, बेलगावी लेखापरीक्षा आयुक्तालय एवं बेलगावी अपील्स** | **:** | **दो ग्राम पंचायतों में जागरूकता ग्राम सभाओं का आयोजन** |
















## दिनांक 01.12.2023 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया।










## हिंदी कार्यशाला

दिनांक 02.11.2023 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत अधीक्षकों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । पूर्वाहन के दोनों सत्र में पूर्वाहन के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ.एस.एन. महेश ने " *राजभाषा नीति* " पर प्रकाश डाला। तथा अपराहन के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर. चौधरी ने " *टिप्पण एवं आलेखन* " पर व्याख्यान दिया।

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**